मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 41 ■ अंक : 227 ■ रविवार, 3 दिसंबर 2023 ■ 3 रुपए ■ पेज 4

Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566
www.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

कंगना रनोट के चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने की चर्चा

# पत्नी-बेटे की हत्या कर फरार पिता गिरफ्तार

- संभाजी नगर से पुलिस ने पकड़ा
- भारी कर्जदार होने के चलते उठाया यह खौफनाक कदम
- वारदात के बाद एमजी हेक्टर कार से फरार हुआ था आरोपी

आकिब शेख
दैनिक उल्हास विकास



**कल्याण.** पत्नी और बेटे की हत्या कर फरार हुआ आरोपी महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले से गिरफ्तार हुआ है। बताया जाता है कि वारदात के बाद हत्यारा दीपक एमजी हेक्टर चार पहिया वाहन से फरार हो गया। महात्मा फुले पुलिस स्टेशन की कई टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए लगी हुई थी। अंत में पुलिस ने उसे संभाजी नगर में दबोच लिया। बता दें कि शुक्रवार दोपहर कल्याण के रामबाग में आरोपी दीपक गायकवाड ने पत्नी अश्विनी और 7 वर्षीय बेटे अधिराज की हत्या कर फरार हो गया था।

दीपक के ऊपर निवेशकों का करोड़ो रुपया कर्ज था। उसने निधि रिसर्च फर्म फाइनेंसियल कंसलटेंसी नाम से कंपनी खोल रखी थी। जिसमें प्रतिमाह 6/8 प्रतिशत ब्याज की लालच में लोगों ने करोड़ो रुपया इन्वेस्ट कर रखा था। इस कंपनी में करीबन 100 से अधिक कर्मचारी थे।

वर्तमान परिस्थिति में दीपक के पास कर्मचारियों को वेतन देने तक के लिए पैसे नहीं थे। ऊपर से निवेशकों का पैसा रिफंड करने का दबाव था। इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शुक्रवार को भी ऐसा ही विवाद हुआ जिसमें दीपक ने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी और उसके बाद बेटे को भी मौत की नींद सुला दिया।

### टॉय शॉप और नर्सरी भी खोल रखा था

निवेशकों के पैसे से ऐशोआराम करने वाले दीपक गायकवाड ने तीन टॉय शॉप के अलावा आधारवाड़ी में प्री विंकल नर्सरी स्कूल भी खोल रखा था।

### परिजनों ने बॉडी लेने से किया इनकार

शनिवार को पोर्स्टमार्टम के बाद परिजनों ने दोनों के शव लेने से इनकार कर दिया। हालांकि शिवसेना नेता महेश गायकवाड ने रुक्मिणी बाई अस्पताल पहुंचकर परिजनों को समझाया, लेकिन उनका कहना था कि आरोपी को हम लोगों के समक्ष लाया जाए उसके बाद ही हम लोग बॉडी का अंतिम संस्कार करेंगे।

## क्राइम डायरी...

### बाइक की टक्कर में युवक घायल

**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस थाना अंतर्गत द्वारली गांव में 2 मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई. इसमें एक बाइक सवार घायल हो गया, वहीं दूसरा मौके से फरार हो गया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी राजेश कृष्णा रागले (35) शुक्रवार की 7.45 बजे द्वारली गांव से कल्याण की ओर अपनी बाइक (एमएच 05 ईटी 9153) से जा रहा था. इस बीच गणपति मंदिर के पास सामने से आ रहे पैशन बाइक (क्र. एमएच 11 एडी 4207) के चालक ने तेज गति से आते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में राजेश को गंभीर चोटें आई हैं. वहीं आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया. हिललाइन पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337 समेत मोटर वेहिकल एक्ट 134 (अ), (ब) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस नाईक पादीर मामले की जांच कर रहे हैं.

### रात 11 बजे के बाद भी खुली रहनेवाली

# पान की दुकानों को पुलिस का संरक्षण!

- अन्य दुकानदारों पर हो रही कार्रवाई!





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत बीट मार्शल पुलिस ने रात 11 बजे के बाद दुकान खुली रखने पर कार्रवाई की है और वहीं पान की दुकान को सुरक्षा दी जा रही है. जिससे यह बात सामने आई है कि पुलिस द्वारा कानून का उल्लंघन किया जा रहा है।

उल्हासनगर एक व्यापारिक शहर के रूप में जाना जाता है। खाने-पीने की चीजों से लेकर कपड़े, बर्तन, प्लास्टिक के सामान और कई अन्य सामान बनाने का कारोबार शहर में कई सालों से चल रहा है। इसके अलावा उल्हासनगर शहर के कैंप नंबर 2 में नेहरू चौक इलाके में गजानन मार्केट है और यहां मुंबई, ठाणे और अन्य जगहों से लोग खरीदारी करने आते हैं।

इस संबंध में अधिक जानकारी यह है कि उल्हासनगर कैंप नंबर 1 के साधुबेला इलाके में रात 11 बजे के बाद दुकान खुली रखने पर एक किराना दुकानदार पर 400 रुपये का जुर्माना लगाया गया. खास बात यह है कि इस किराना दुकान से कुछ दूरी पर झूलेलाल मंदिर के पीछे एक पान की दुकान पर देर रात तक पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा व अन्य सामान बेचा जाता है। बीट मार्शल पुलिस द्वारा इस पान वाले पर कार्रवाई करने की बात तो दूर रही, मामूली सवाल तक भी नहीं पूछा. जिससे पता चलता है कि इस दुकानदार को बीट मार्शल पुलिस का संरक्षण है.

इस संबंध में जब उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम देर रात तक दुकान चलाने वाले सभी दुकानदारों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कानून में होटल और बार मालिकों को रात एक बजे तक खुले रहने का प्रावधान किया गया है, लेकिन रात 11 बजे के बाद खुले पाए जाने वाले किराना दुकानों और अन्य सभी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है.

लेकिन आश्चर्य की बात है कि उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के बीट मार्शल पान दुकानदार को संरक्षण दे रहे हैं और केवल किराना दुकानदार पर ध्यान दे रहे हैं। इसलिए शहर में चर्चा है कि पुलिस द्वारा कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है. इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं यह तो वक्त ही बतायेगा.

### व्यापारी, पुलिस और मनपा प्रशासन की बैठक संपन्न

# दुकानों के साईन बोर्ड मराठी भाषा में लगाने 26 जनवरी तक की मुदत



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार के अधिनियम के अनुसार राज्य में सभी प्रतिष्ठानों को नेमप्लेट मराठी (क) (देवनागरी) भाषा में प्रदर्शित करना होगा। वहीं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी कुछ व्यापारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए 60 के भीतर सभी प्रतिष्ठानों पर मराठी भाषा में साइनबोर्ड लगाने का आदेश दिया गया है।

आयुक्त अजीज शेख ने शुक्रवार को मनपा सभागृह में संयुक्त बैठक आयोजित की. बैठक में विधायक कुमार आयलानी, आयुक्त अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, व्यापारी संगठनों के नेता और विभिन्न पार्टी के नेता उपस्थित थे।

बैठक में आगामी 26 जनवरी 2024 तक साईन बोर्ड मराठी भाषा में करने का सुझाव दिया गया। जिस पर वहाँ मौजूद सभी व्यापारिक संस्थाओं के अध्यक्षों और पदाधिकारियों द्वारा सहमति दी गई। अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने व्यापारियों की बैठक में कहा कि राजनीतिक नेता कार्रवाई करने को कहते हैं, लेकिन व्यापारियों के सामने कार्रवाई का विरोध करते हैं। लेंगरेकर की स्पष्टोक्ति से नेताओं का दोहरापन उजागर हो गया है. इस बैठक में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, व्यापारी नेता जगदीश तेजवानी, दीपक छतलानी, सुनील सुखेजा, लक्खी नाथानी, दिनेश पंजाबी, नरेश थधवानी, दिनेश मीरचंदानी सहित मनसे के बंडू देशमुख, सचिन कदम, दिलीप थोरात संजय घुगे आदिजन उपस्थित थे.

मनपा आयुक्त अजीज शेख द्वारा बुलाई गई बैठक में कल्याण-अंबरनाथ रोड पर अतिक्रमण, शहर की सड़कों के फुटपाथ पर अतिक्रमण, पार्किंग व्यवस्था, दुकानों पर मराठी में बोर्ड लिखने, दुकान का लाइसेंस लेने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई. इस अवसर पर मनपा अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, मनपा अधिकारी विनोद केनी व पुलिस अधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया. साथ ही आयुक्त अजीज शेख ने जानकारी दी है कि समय-समय पर संयुक्त बैठकें आयोजित की जाएंगी.

## बंगले में घुसकर स्कूटर व मोबाइल चोरी

**उल्हासनगर.** सी ब्लॉक स्थित भगवती बंगला में घुसकर अज्ञात चोर एक मोबाइल व स्कूटर लेकर फरार हो गया. कुल 18 हजार रुपए की चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है.

विजय होतचंद केसवाणी (66) भगवंती बंगला, सी ब्लॉक, महानगरपालिका टेकड़ी, उल्हासनगर-3 में रहते हैं. शुक्रवार की रात 2 बजे से सुबह 5.30 बजे के दरम्यान गैलरी के रास्ते अज्ञात चोर उनके घर में घुसा. जहां से उसने एक मोबाइल व स्मार्ट फोन चुराया तथा सीढ़ी के पास रखी चाभी की सहायता से वहां रखा स्कूटर लेकर चलता बना. कुल 18 हजार रुपए का माल चोरी होने की शिकायत सेंट्रल पुलिस में दर्ज कराई गई है.

## छुरे के साथ युवक गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** कैम्प-1 स्थित आईस फैक्टरी के पास से एक युवक को हिरासत में लेकर उसके पास से के छुरा बरामद किया है.

मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर पुलिस ने शनिवार की रात 1.40 बजे संत शिरोमणि रोहिदास महाराज चौक, आईस फैक्टरी के पास, उल्हासनगर-1 से कुणाल रामवीर वेद (23) नामक युवक के पास से एक छुरा बरामद हुआ है. पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुंबई पुलिस कायदा कलम 37 (1), 135 के तहत अपराध दर्ज किया है.

## उमनपा परिवहन समिति सदस्यों का कार्यकाल समाप्त



**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख ने मनपा परिवहन समिति सभापति एवं सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने पर सत्कार करते हुए उन्हें विदाई दी. सभापति सुभाष तनावड़े ने सभापति के कार्यकाल के दौरान मनपा परिवहन सेवा शुरू होने पर संतोष व्यक्त किया.

उल्हासनगर महानगर पालिका का चुनाव नहीं होने के कारण मनपा पर प्रशासनिक शासन शुरू हो गया। आयुक्त अजीज शेख प्रशासन के प्रमुख हैं। इस बीच तत्कालीन पार्षदों द्वारा निर्वाचित सदस्यों के कारण ही परिवहन समिति आज तक अस्तित्व में है। लेकिन उन सदस्यों का कार्यकाल दिसंबर के पहले हफ्ते में खत्म हो रहा है. अतः नगर परिवहन समिति स्वतः समाप्त हो रही है। महानगर पालिका स्थायी समिति की तरह परिवहन समिति में भी हर साल आधे सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है और नए सदस्य चुने जाते हैं। लेकिन मनपा चुनाव नहीं होने के कारण नये सदस्य नहीं चुने गये. इसलिए बाकी बचे सदस्यों और अध्यक्ष सुभाष तनावड़े का कार्यकाल समाप्त हो गया है.

मनपा आयुक्त एवं प्रशासक अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े ने परिवहन समिति के अध्यक्ष सुभाष तनवाड़े और अन्य सदस्यों का अभिनंदन किया. 11 साल पहले बंद हुई मनपा परिवहन सेवा शुरू होने पर अध्यक्ष सुभाष तनावड़े ने संतोष जताया और कहा कि मनपा के हित के लिए हम सदैव तत्पर हैं.

### नियमों का उल्लंघन करने वाले

## 311 रेल यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई

**कल्याण.** रेलवे सुरक्षा बल ने एक विशेष अभियान के तहत रेलवे स्टेशन पर व्यस्त समय में लोकल से यात्रा करते समय नियमों का उल्लंघन करने वाले 311 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की. यह कार्रवाई ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, बदलापुर, अंबरनाथ, दिवा, मुंब्रा, टिटवाला रेलवे स्टेशनों पर की गई.

इन यात्रियों को टेलीविजन प्रणाली के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत के आदेश पर उन पर जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई में 47 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया.

आरपीएफ और रेलवे संरक्षण दल के संयुक्त प्रयास से एक समय में ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, बदलापुर, अंबरनाथ, दिवा, मुंब्रा, टिटवाला रेलवे स्टेशनों पर यह कार्रवाई की गई। आरक्षित डिब्बे में प्रवेश करने वाले 197 यात्रियों, रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट प्रवेश करने वाले 13 यात्री, रेल सेवकों के निर्देशों का उल्लंघन करने वाले, शराब पीकर शोर मचाने वाले तथा विकलांग डिब्बे में यात्रा करने वाले 311यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## चिखलोली डैम के पास कार में रखे 2 मोबाइल चोरी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व स्थित चिखलोली डैम में घूमने गए एक शख्स की कार की डिक्की खोलकर कार रखे 2 मोबाइल चोरी कर लिए. जिनकी कीमत 50 हजार रुपए बताई गई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी कुणाल कमलाकर राठोड (21) श्रीनिवास रेसिडिंसी, बदलापुर पूर्व में रहता है. कुणाल 30 नवंबर की दोपहर में अपने मित्र के साथ चिखलोली डैम में घूमने के लिए गया था. उसने अपनी हुंडई क्रेटा कार डैम के नीचे परिसर में लॉक करके खड़ी की थी. इस दौरान अज्ञात चोर ने कार की डिकी खोलकर कार में रखा 2 मोबाइल चोरी कर लिया. जिसकी कीमत 50 हजार रुपए है. शिवाजी नगर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है.

## भाजपा जिला अध्यक्ष की कंपनी ब्लैक लिस्टेड!

- मनपा आयुक्त का साहसिक फैसला




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी की ए. एम. रामचंदानी नामक कंपनी द्वारा नियम-शर्तों का उल्लंघन करने और मनपा को चूना लगाने के आरोप में मनपा आयुक्त अजीज शेख ने रामचंदानी कंपनी का नाम काली सूची में डाल दिया है.

उल्हासनगर मनपा के ठेका पद्धति से काम करनेवाली ए. एम. रामचंदानी कंपनी के मालिक भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी हैं और महानगर पालिका उन्हें करोड़ों रुपये के ठेके देती है। इससे पहले प्रदीप रामचंदानी ने नगर निगम से फाइल चोरी कर ली। उस अपराध में 39 दिनों तक जेल में रहे। इसी बीच मनपा की ओर से उन्हें पानी की पाइप बिछाने का ठेका दे दिया गया। स्वीकृत निविदा में 100 मी.मी. व्यास की डीआईके 7 पाइप बिछाने का प्रावधान है, जिसके बावजूद उन्होंने कुछ स्थानों पर 100 मी.मी. व्यास की जीआई पाइप बिछाने का काम शुरू किया था. इसको लेकर मनपा के पास नागरिकों की कई शिकायतें भी आई थीं। जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी ने जब स्थल का निरीक्षण किया तो देखा कि जीआई पाइप बिछाया गया है. स्थिति गंभीर होने पर मनपा ने उक्त कंपनी को पत्र लिखकर जिन स्थानों पर जीआई पाइप बिछाये गये हैं, उन्हें हटाकर उस स्थान पर डीआईके7 पाइप लगाने का निर्देश दिया है. लेकिन उक्त कंपनी ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया. फिर मनपा के जलापूर्ति विभाग ने तुरंत कमिश्नर से कंपनी को दिया गया टेंडर रद्द करने और कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने की सिफारिश की. आयुक्त अजीज शेख ने जलापूर्ति विभाग की अनुशंसा को स्वीकार करते हुए ए.एम. रामचंदानी की कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की मंजूरी दे दी है. मनपा आयुक्त के इस साहसिक फैसले से अन्य कंपनियां घबरा गई हैं.

### युवा यूनिटी फाउंडेशन द्वारा नपा स्कूल में पढ़ने वाले

# 220 बच्चों को दिए गए स्कूल बैग




- उपहार पाकर छात्र हुए खुश

**अंबरनाथ.** युवा यूनिटी फाउंडेशन, अंबरनाथ हर साल दिवाली के दौरान दानदाताओं की मदद से आदिवासी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय, जिला परिषद स्कूल आदि का दौरा करता है और बच्चों को शैक्षिक सामग्री वितरित करता है। इस वर्ष भी युवा यूनिटी फाउंडेशन द्वारा 30 नवंबर को अंबरनाथ पश्चिम स्थित अंबरनाथ नगर पालिका द्वारा संचालित स्कूल नं. 02, 14, 03, 04, 15, 04, 19 कुल सात स्कूलों के 220 लड़के और लड़कियों को बहुबाषिक स्कूल खुंटवली में स्कूल बैग वितरित किए गए.

कार्यक्रम में सातों विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षक उपस्थित थे. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कार्यक्रम में द युवा यूनिटी फाउंडेशन की ओर से उर्दू, मराठी, कन्नड़, तेलुगु जैसे बहुभाषी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ये स्कूल बैग वितरित करके आम जनता के सामने एकता की एक मिसाल पेश की गई है।

युवा यूनिटी फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष योगेश चलवादी अंबरनाथ नगर पालिका स्कूल नं. 02 का पूर्व छात्र हैं. उन्होंने सभी दानदाताओं को धन्यवाद दिया, जिन्होंने हमेशा युवा यूनिटी फाउंडेशन में विश्वास दिखाया है.

युवा यूनिटी फाउंडेशन के नूर शेख, अंकिता ठोकल, रीना ताई, सद्दाम शेख, तरूण वाल्मिकी, विवेक कन्नोजिया, चंद्रकांत लोन, प्रवीण गुप्ता, विकास कन्नोजिया, अभिषेक जैसवार, तरूण ठाकुर, राष्ट्रीय सेवा योजना एसएसटी कॉलेज के प्राचार्य पुरसवानी सर और उप प्राचार्य जीवन विचारे सर के मार्गदर्शन में 15 स्वयंसेवक उपस्थित थे. इस पहल में संस्था के सदस्य रोहित कुंभार, अंकिता शिंदे ने विशेष योगदान दिया।

# अंबरनाथ में विभिन्न विकास कार्यों को मिलेगी गति

- 121 करोड़ की निधि आवंटित
- राज्य शहरी विकास विभाग से मिली नपा प्रशासन को निधि
- सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के सहयोग से फंड स्वीकृत




**अंबरनाथ.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में शहरी विकास विभाग द्वारा अंबरनाथ शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक विशेष योजना के तहत 121 करोड़ रुपये की पर्याप्त निधि आवंटित की गई है। यह निधि शहर में चल रहे थिएटर, स्विमिंग पूल, हॉकी पवेलियन, नगरपालिका प्रशासनिक भवन के शेष निर्माण, इनडोर स्टेडियम, दो नगरपालिका स्कूलों के नए निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। इनमें से अधिकांश कार्य प्रगति पर हैं। नगर विकास विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी राशि से इन विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी.

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की संकल्पना और पहल से अब तक कई विकास कार्यों को मंजूरी मिल चुकी है. परिवहन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, शैक्षिक, खेल, सांस्कृतिक जैसी विभिन्न विकास परियोजनाएं आ रही हैं, जबकि अधिकांश परियोजनाएं नागरिकों की सेवा में प्रवेश कर चुकी हैं। इसी तरह सांसद डॉ. शिंदे की पहल से पिछले कुछ वर्षों में अंबरनाथ शहर में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू हुई हैं। इस फंड से शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को गति मिलेगी.

### इन कार्यों के लिए स्वीकृत हुई है धनराशि

- राज्य के शहरी विकास विभाग द्वारा स्वीकृत 121 करोड़ रुपये की निधि से अंबरनाथ शहर में विभिन्न विकास कार्य शुरू किये जायेंगे. इसके तहत अंबरनाथ पश्चिम सर्कस मैदान में थिएटर के शेष कार्य के लिए 15 करोड़ का फंड स्वीकृत किया गया है। इससे पहले थिएटर के निर्माण के लिए वित्त आयोग के माध्यम से 37 करोड़ का फंड स्वीकृत किया जा चुका है। इस थिएटर का काम अगले कुछ महीनों में पूरा हो जाएगा.
- इसके साथ ही अंबरनाथ में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल और हॉकी पवेलियन के निर्माण के लिए पहले 5 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया था, लेकिन अब 28 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया है.
- अंबरनाथ नगर पालिका के प्रशासनिक भवन के शेष निर्माण के लिए 27 करोड़ रुपये का फंड दिया गया है.
- शहर के पश्चिमी भाग में नेताजी मैदान का विकास किया जा रहा है और इस स्थान पर एक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। पहले इस काम के लिए 10 करोड़ रुपये का फंड दिया गया था. इसके बाद 33 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया है और इससे मैदान को विकसित करने के काम में तेजी आएगी.
- अंबरनाथ नगर पालिका के कैलासनगर स्कूल नं. 01 (स्थानीय बोर्ड) एवं स्वामीनगर स्कूल नं. 11. इन दोनों स्कूलों के लिए संयुक्त नये भवन का निर्माण कराया जा रहा है. इसके लिए 9 करोड़ रुपये का फंड स्वीकृत किया गया है.
- शिवमंदिर परिसर विकास प्रकल्प के लिए अंबरनाथ नगरपालिका की शिवमंदिर स्थित स्कूल क्र. ९ स्थलांतरित कर शिवगंगानगर आरक्षण क्र. १६३ में नई इमारत का निर्माण किया जाएगा. इसके लिए ९ करोड़ का निधि मंजूर किया गया है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### चौंकाऊ एग्जिट पोल

पांच राज्यों-मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम- में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। अब 3 दिसंबर को जनादेश सार्वजनिक किए जाएंगे, लेकिन मतदान के बाद एग्जिट पोल के अनुमान चौंका देने वाले हैं। हालांकि विभिन्न अनुमानों में विरोधाभास हैं। निष्कर्ष भी विभाजित हैं, लेकिन एक चुनावी रुझान स्पष्ट हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधनों का असर कहीं 20 फीसदी के करीब है, तो किसी राज्य में 5 फीसदी का अनुमान लगाया गया है। प्रधानमंत्री के चेहरे और संबोधन से भाजपा को अब भी वोट मिल रहे हैं, यह निश्चित लगता है। एग्जिट पोल की परंपरा भारत में नहीं थी। यह चुनावी मूल्यांकन की पश्चिमी पद्धति है, लेकिन वहां काफी सटीक साबित होती रही है। हमारे देश में भी कुछ चुनावी अनुमान 65 फीसदी से 95 फीसदी तक सही रहे हैं, लिहाजा एग्जिट पोल को नकारा नहीं जा सकता। बहरहाल सबसे चौंकाऊ अनुमान तेलंगाना के हैं, जहां बीते 10 साल से सत्तारूढ़ रहे चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी बीआरएस की विदाई का वक्त आ गया लगता है। एग्जिट पोल में वे पिछड़ते लग रहे हैं और कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार बनने की संभावनाएं सर्वाधिक हैं। यदि ऐसा होता है, तो कांग्रेस के पुनरोत्थान का अध्याय शुरू हो सकता है। तेलंगाना का 'सहोदर राज्य' आंध्रप्रदेश है, जहां आज भी कांग्रेस का काडर शेष है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है और तमिलनाडु में सरकार का एक घटक है। केरल में प्रमुख विपक्षी दल है, जिसके लोकसभा सांसद सर्वाधिक हैं। यदि कांग्रेस नेतृत्व ने गंभीर प्रयास किए, तो पार्टी दक्षिण भारत से 'चुनावी ताकत' बनकर उभर सकती है। यह भाजपा के लिए प्रत्यक्ष चुनौती है। बहरहाल दूसरा चौंका देने वाला अनुमान राजस्थान के संदर्भ में सामने आया है। हालांकि एग्जिट पोल के आंकड़े विभाजित और विभिन्न हैं, लेकिन अनुमान ऐसे हैं कि उस राज्य में कांग्रेस 'सत्ता का रिवाज' बदलती लग रही है। कांग्रेस की गारंटियां कारगर और सार्थक होती लग रही हैं। कुछ पोल भाजपा के बहुमत के प्रति आश्वस्त लग रहे हैं, लेकिन कुल मिला कर कांग्रेस और भाजपा के बीच बेहद कड़ी टक्कर लगती है, लेकिन ज्यादा फायदा कांग्रेस के पक्ष में झुक रहा है। यदि कांग्रेस को ही जनादेश मिलता है, तो बीते 30 सालों का रिवाज बदल जाएगा। राजस्थान में 1993 से हर पांच साल के बाद सत्ता बदलती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में 15-16 जनसभाओं को संबोधित किया था और राजधानी जयपुर में बड़ा लंबा और जनसमर्थन वाला रोड शो भी किया था, लिहाजा रिवाज बदलता है, तो यह लोकसभा चुनाव के लिए भी सुखद संकेत नहीं है।

# पर्यावरण: नाजुक हिमालय में निर्माण की चुनौती

सारे देश को हिला देने वाले सिलक्यारा सुरंग संकट का सुखान्त पटाक्षेप हो गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस हादसे के अनुभव से हमारे भूविज्ञानियों, खनन विशेषज्ञों और आपदा प्रबंधन तंत्र ने बहुत कुछ सीख लिया होगा। साथ ही हमारे राजनीतिक शासकों और योजनाकारों को भी हिमालय पर अपने ड्रीम प्रोजेक्ट थोपने पर नए सिरे से विचार करना होगा।

अपने बेवाक कथनों के लिए चर्चा में रहने वाले केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तो सार्वजनिक रूप से अपनी ओर से हुई चूक को कबूलने के साथ ही हिमालयी क्षेत्र की विशेष परिस्थितियों का उल्लेख भी कर चुके हैं। अगर पहले के अनेक हादसों की तरह कुछ दिन बाद फिर सिलक्यारा की दुर्घटना की बात आई गई हो गई तो फिर भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को कोई नहीं रोक सकता।

### टिहरी बांध की टनल में मरे थे 29 श्रमिक

दरअसल पिछले ही साल 19 मई को जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर रामबन में एक सुरंग निर्माण के दौरान भूस्खलन की चपेट में आने से 10 श्रमिकों की मौत हो गई थी। इसी उत्तराखण्ड में टिहरी बांध परियोजना के निर्माण के समय 1 अगस्त 2004 को सुरंग में काम चलने के दौरान हुए हादसे में 29 मजदूरों की जानें चलीं गई थीं।

सुरंग निर्माण के दौरान अप्रत्याशित घटनाएं होती रहती हैं जिनसे निपटने के लिए अनुभव और क्षेत्र विशेष की भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी होनी चाहिए।



मगर अनुभव बताता है कि विभिन्न कारणों से लापरवाहियों से सुरक्षा मानकों की निरन्तर अवहेलना होती रही है।

### हिमाचल में भी होते रहे हादसे

स्वयं केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी इस संवेदनशीलता का उल्लेख कर सावधानी बरतने की बात कह गए हैं, लेकिन योजनाकार और योजनाएं बनवाने वाले इस हकीकत की अनदेखी करते रहे हैं। टिहरी बांध परियोजना की भूमिगत खुदाई के दौरान 2004 में हुए हादसे के कुछ ही दिनों बाद 7 अगस्त, 2004 को कुल्लू से लगभग 60 किमी दूर हिमाचल प्रदेश में पारबती जल विद्युत परियोजना में एक सुरंग के अंदर बीस श्रमिक फंस गए थे जिन्हें सिलक्यारा की तरह बचा लिया गया।

इसी तरह 14 फरवरी 2010 को हिमाचल प्रदेश के ही किन्नौर जिले में 1,000 मेगावाट की पनबिजली परियोजना करछम वांगतु में बांध निर्माण के लिए किए गए विस्फोट कार्य से अस्थिर पत्थर और बोल्डर श्रमिकों की एक अस्थायी बस्ती पर गिर गए। जिससे 6 श्रमिकों की मृत्यु हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। नवंबर 2015 में उसी किन्नौर जिले में एक और त्रासदी में, शोंगटोंग-करचम परियोजना में एक विस्फोट में दो श्रमिकों की मौत हो गई और छह घायल हो गए।

### जानबूझकर बहुत दूर से लाये जाते हैं मजदूर

ऐसे हादसों में मरने वाले लोगों की वास्तविक संख्या में हमेशा विवाद रहता है। अगस्त 2004 को टिहरी बांध परियाजना की डायवर्जन टनल टी-3 में चट्टाने खिसकने से मरने वालों की अधिकारिक संख्या 29 बतायी गई थी जबकि उस समय वहां कम से कम 109 लोगों के मौजूद होने की बात सामने आई थी। इसी साल 19 जुलाई को चमोली कस्बे में बिजली का करंट से मरने वालों की संख्या 16 बताई गई थी लेकिन अपुष्ट समाचारों में यह भी कहा गया था कि कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए हड़बड़ी में उफनती अलकनन्दा में छलांग लगा दी थी।

दरअसल निर्माण कार्य बहुत दूर-दराज के इलाकों में होते हैं, इसलिए कई निर्माण कंपनियां बहुत दूर के गरीब इलाकों से श्रमिकों को लाने की रणनीति अपनाती हैं। फिर उन्हें स्थानीय आबादी से दूर करने की कोशिश की जाती है ताकि इन श्रमिकों के साथ जो कुछ भी हो वह रहस्य बना रहे। यह व्यवस्था नियोक्ताओं को न्यूनतम वेतन कानूनों के घोर उल्लंघन, सुरक्षा आवश्यकताओं की उपेक्षा और मुआवजे का भुगतान न करने से बचने में मदद करती है। सिलक्यारा सुरंग निर्माण में ठेकेदारों द्वारा यही टैक्टिस अपनाई गई थी। वहां फंसे 41 श्रमिकों में से उत्तराखण्ड के केवल दो श्रमिक थे जिनमें से एक सुपरवाइजर ही था। जबकि वहा झारखण्ड के 15 और उड़ीसा के 5 श्रमिक थे।





ध्यानाभ्यास के द्वारा हम जान जाते हैं कि हमारे अंदर शांति और प्रेम का स्रोत है, जो हमारे जीवन को समृद्ध कर सकता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# जब हमने नक्शा बदल दिया...

तीन दिसंबर, 1971 की भोर को पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी वायु ठिकानों पर जबर्दस्त हवाई हमला बोल दिया था। उसी के साथ भारत-पाक का युद्ध प्रारंभ हो गया, जिसकी परिणति 16 दिसंबर को ढाका में पाकिस्तान की पूर्वी सेना के कमांडर जनरल नियाजी और उनके साथ 93 हजार सैनिकों के ऐतिहासिक आत्मसमर्पण में हुई। भारत के लिए आजादी के बाद के इतिहास का वह महानतम क्षण था, जब हमने दक्षिण एशिया का मानचित्र बदला था। जब पाकिस्तान का आक्रमण हुआ, तब तक हमारी सेना मुक्ति वाहिनी के साथ मिलकर अपनी कार्रवाई प्रारंभ कर चुकी थी। वह मुक्ति वाहिनी हमारी सेना के जनरलों की रणनीति की उपज थी। भारतीय सेना परंपरागत रणनीति के विपरीत मुख्य रास्तों को छोड़कर पाकिस्तानी मोर्चों को बाइपास करती हुई तीन दिशाओं से आगे बढ़ती गई।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की अपेक्षा थी कि पाक सेना द्वारा 25 मार्च को बंगालियों पर किए गए हिंसक क्रैकडाउन के बाद हमारी सेना तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कर दे। लेकिन जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) मानेक शॉ ने कैबिनेट को साफ शब्दों में मना कर दिया कि अभी हम न तो रणनीतिक दृष्टि से और न सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से तैयार हैं। धनाभाव के कारण हमारे टैंकों की सर्विसिंग तक नहीं हो सकी थी। स्टोरेज की सुविधाएं भी नहीं थीं। जनरल का कहना था कि सेना का मूवमेंट होते-होते बरसात आ जाएगी, अभी चीन के दखल का खतरा है, इसलिए हमें हिमालय के दर्रों पर बर्फ पड़ने तक इंतजार करना पड़ेगा।

जनरल के तर्कों को मानना पड़ा।




बहरहाल, सेना ने अपनी तैयारियां प्रारंभ कीं। इंदिरा जी की ओर से सवाल आया कि इस बीच हम क्या कुछ कर सकते हैं। तब जनरल के मस्तिष्क में भारतीय सेना द्वारा प्रशिक्षित बंगालियों की गुरिल्ला फोर्स का विचार आया। इस तरह मुक्ति वाहिनी का जन्म हुआ। उस समय हमारे पास आज के आधुनिक अस्त्र-शस्त्र नहीं थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के जमाने का तोपखाना व 25 पाउंडर तोपें और छोटी माउंटेन तोपें ही थीं। फिर भी सेना का आदर्श ऊंचा था। विश्व में सब ओर पाक सेना द्वारा किए जा रहे भीषण नरसंहार के समाचार जा रहे थे। लेकिन नैतिकता व मानवीयता के आधार पर वैश्विक समर्थन हमारे साथ नहीं था। जब युद्ध शुरू हुआ, तो सिर्फ तत्कालीन सोवियत संघ का समर्थन मिला था। उससे हमने मित्रता की संधि की। अमेरिकी रुख अत्यंत निराशाजनक था। भारत पर दबाव बनाने के लिए उसने अपना सातवां बेड़ा बंगाल की खाड़ी में भेज दिया था। लेकिन सेना अपने अभियान में लगी हुई थी। टांगाइल में कमांडो सैनिकों के पैराड्रॉप ने बड़ा समाचार बनाया। पाकिस्तानी सैनिकों का साहस जवाब देने लगा था। ढाका प्रवेश पर भारतीय सेना का जो स्वागत हुआ था, लोग बताते हैं कि आजादी के उस भाव को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। दुनिया के इतिहास में विजेताओं का ऐसा स्वागत कम ही हुआ होगा। नए देश में पाकिस्तानियों के लिए जबर्दस्त घृणा थी, क्योंकि उन्होंने 30 लाख बंगालियों की नृशंस हत्या की, ढाका विश्वविद्यालय में बुद्धिजीवियों को चुन-चुनकर मारा, महिलाओं से दरिंदगी की। अब वे सब हथियार डालकर कैंपों में कैदी थे। यदि 16 दिसंबर, 1971 की उपलब्धियों को उनके असल अंजाम तक ले जाया गया होता, तो पाकिस्तानी हुक्मरानों का यह साहस न होता कि वह कभी कह सकते कि हमारे पास एटम बम है। निक्सन-किसिंजर चिंतित थे कि कहीं बांग्लादेश के बाद भारत पश्चिम में पलट कर पाकिस्तान को निशाना न बना ले।

## जरा हट के

# लोगों की आंख निकाल भाग जाता है ये पक्षी

दुनिया के हर जानवर को भगवान ने बचाव के कुछ तरीके दिए हैं. इन तरीकों से ये जानवर सर्वाइव करते हैं. लेकिन कई बार अनजाने में ही ये जानवर इंसानों पर आक्रामक हमला कर देते हैं. हाल ही में सोशल मीडिया पर कई लोगों ने अपने ऊपर एक पक्षी द्वारा अटैक का वीडियो शेयर किया. इस पक्षी को लोग मैगपाई के नाम से जानते हैं. ये पक्षी लोगों के आंख पर हमला कर उन्हें अंधा बना देते हैं. हाल ही में एक लड़की ने अटैक का लाइव वीडियो शेयर किया.



ब्रिटेन में इन दिनों मैगपाई के हमले की घटनाएं काफी बढ़ गई है. ये पक्षी अपने घोंसले में मौजूद बच्चों के बचाव में हमला करते हैं. चूंकि, इंसानों ने जंगल काट दिए हैं, इस वजह से ये मैगपाई इंसानों के बेहद नजदीक रहने लगे हैं. ये इंसानों के इर्दगिर्द ही घोंसले बनाकर रहते हैं. ऐसे में जैसे ही कोई इंसान इनके घोंसले के नजदीक पहुंचते हैं, ये सीधे अटैक कर देते हैं.


मैगपाई ऐसा पक्षी है, जो खतरा भांपते ही अटैक कर देता है. ऐसे में लोग जैसे ही इन पक्षियों के घोंसले के नजदीक जा रहे हैं, वैसे ही ये पक्षी अटैक कर देते हैं. ये पक्षी चमकती चीजों पर हमला करते हैं. जैसे ही इंसान इनके घोंसले के नजदीक से गुजरते हैं, ये पक्षी उनके आंख पर अटैक कर देते हैं. ऐसा इस कारण कि इंसान की आंखें चमकती है. अभी तक मैगपाई के अटैक के कई मामले सामने आ चुके हैं. सोशल मीडिया पर एक महिला ने इस अटैक का लाइव वीडियो शेयर किया. इसमें एक पक्षी सीधे महिला की आंख फोड़ता नजर आ रहा है.

### सिहर गई लोगों की रूह

सोशल मीडिया पर जैसे ही ये वीडियो शेयर किया गया, लोग डर से कांप गए. कई लोगों ने इसे नए फियर का अनलॉक होना बताया. कई ने महिला के बारे में सवाल किये कि वो ठीक तो है ना? कई लोगों ने इस वीडियो को देखने के बाद हैरानी जताई. उन्होंने लिखा कि महिला खुद को बचा सकती थी. वो सिर्फ वीडियो क्यों बनाती रह गई. वहीं मैगपाई अटैक के और भी कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किये जा रहे हैं. खासकर ये पक्षी छोटे बच्चों पर अटैक करते हैं.

# सर्दी से पौधों को बचाने के 5 आसान टिप्स

विंटर सीजन में अधिकांश पौधे निष्क्रिय अवस्था में चले जाते हैं, जिससे उनकी ग्रोथ पर असर पड़ता है. इसलिए ठंड के मौसम में पौधों को हमेशा की तरह पर्याप्त मात्रा में पानी देने से बचना चाहिए. ऐसा करने से आपका पौधा मर भी सकता है. इसलिए ठंड के मौसम में पौधे को तभी पानी दें, जब उसको अधिक जरूरत हो. इस मौसम में यदि आप पौधों को पानी देने जा रहे हैं तो उससे पहले मिट्टी की नमी जरूर देखें. यदि मिट्टी की परत 2-3 इंच सूखी हो, तब आप पौधों को पानी दे सकते हैं.



**■ पौधों की मल्चिंग करें**

सर्दियों में मल्च पौधों की देखभाल का एक अहम हिस्सा है. दरअसल, ठंड में तापमान कम होने और वातावरण में नमी के कारण अक्सर पौधों को काफी नुकसान होता है. यही वजह है कि सर्दी से पौधों के बचाव के लिए मल्चिंग जरूरी होती है. क्योंकि, मल्चिंग पौधों के आस-पास की अतिरिक्त नमी को सोखकर मिट्टी में तापमान को बनाएं रखती है और पौधों की जड़ों को पर्याप्त गर्माहट प्रदान करती है, जिससे पौधे सुरक्षित रहते हैं. इसके लिए आप 3-5 इंच मोटी परत से मल्चिंग कर सकते हैं.

**■ पौधों को अंदर रखें**

घर के बाहर रखें पौधों को ठंड लगने का खतरा अधिक होता है. ऐसे में पौधों को घर के अंदर रखें. क्योंकि, बाहर की अपेक्षा घर के अंदर का तापमान कम होता है, जिससे पौधे ठीक से ग्रो करते हैं. क्योंकि होम गार्डन के गमले में लगे कई पौधे ऐसे होते हैं, जो ठंड के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं. ऐसे में आप इन पौधों को अपने घर के अन्दर किसी धूप वाले स्थान या खिड़की के पास वाले स्थान पर रख सकते हैं, ताकि उन्हें पर्याप्त सूर्यप्रकाश मिल सके.

**■ पौधों को कवर करें**

होम गार्डन में में रखे हुए पॉटेड प्लांट्स को सर्दियों से बचाने के लिए आसानी से मूव किया जा सकता है, लेकिन गार्डन की मिट्टी में या किसी बड़े आकार के गमले में लगे हुए पौधों को मूव करना नामुमकिन होता है. इसलिए सर्दियों के मौसम में होम गार्डन में लगे हुए पौधों को किसी ठंडरोधी कवर से ढंक देना चाहिए. ऐसा करने से पौधे की ग्रोथ ठीक रहती है. इसके लिए आप आउटडोर प्लांट्स को पॉलीथिन, फैब्रिक प्लांट कवर, कार्डबोर्ड बॉक्स या प्लास्टिक बॉक्स से कवर कर सकते हैं.

**■ पौधे की प्रूनिंग करें**

सर्दी के मौसम में ठंडी हवाओं के चलने से कई बार पौधे की पत्तियां मुरझा जाती हैं. इसके बाद धीरे-धीरे गार्डन के गमले में लगे पौधे भी नष्ट होने लगते हैं. दरअसल, सूखे और मुरझाए पत्ते, पौधे से उनकी ऊर्जा और पोषक तत्व खींचने का काम करते हैं, जिससे दूसरे पत्ते भी खराब होने लगते हैं. ऐसी स्थिति में ठंड से अपने पौधों को बचाने के लिए पत्ते और टहनियों को किसी गार्डनिंग टूल्स जैसे- प्रूनर या प्रूनिंग कैंची की मदद से काटकर हटा दें. इसके अलावा, संक्रमण से बचाने के लिए पत्तों को भी साफ करें.

# हार्ट और डाइजेशन सिस्टम को दुरुस्त रखती है लाल मिर्च



**■ आयुर्वेद में माना गया है विशेष महत्व**

**■ लाल मिर्च के 5 बड़े फायदे**

1. पुस्तक 'VEGETABLES' के लेखक व भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बिश्वजीत चौधरी के अनुसार लाल मिर्च भारत की प्रमुख फसलों में से एक है. इसमें कैल्शियम, मैग्निशियम, ओक्सेलिक एसिड, फॉसफोरस, आयरन, सोडियम के अलावा कॉपर, सल्फर सहित विटामिन ए व सी पर्याप्ता मात्रा में पाया जाता है. आयुर्वेद भी लाल मिर्च को विशेष मानता है. भारतीय जड़ी-बूटियों. फलों व सब्जियों पर व्यापक रिसर्च करने वाले जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ आचार्य बालकिशन के अनुसार लाल मिर्च कफ वात को दूर करने वाली, पित्त को बढ़ाने वाली, वात को हरने वाली, हृदय को उत्तेजित करने वाली, काम की इच्छा जाग्रत करने वाली और बुखार को दूर करने में फायदेमंद होती है.

2. फूड एक्सपर्ट व न्यूट्रिशियन कंसल्टेंट नीलांजना सिंह के अनुसार लाल मिर्च को हार्ट के लिए बेहतर माना जाता है, उसका कारण यह है कि इसमें मौजूद कैप्साइसिन (विटामिन व मिनरल्स व रोगाणुरोधी अवयव) ब्लड में थक्कों (Clot) को बनने से रोकता है, बेड कोलेस्ट्रॉल रोधी है, साथ ही ब्लड के प्रेशर को भी नॉर्मल बनाए रखने में मददगार है. जिसे सांस की समस्या है, उनके लिए भी लाल मिर्च लाभकारी मानी जाती है.

3. कहते हैं कि लाल मिर्च पेट में 'आग' लगा सकती है, लेकिन एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट और अन्य यौगिक पेट की खराबी, गैस, दस्त और ऐंठन जैसी अन्य डाइजेशन समस्याओं को कूल करने में सहायक हैं. इसमें मौजूद एंटी इर्रिटेंट गुण चमत्कारिक रूप से पेट की जलन और अल्सर के लिए प्रभावी माना जाता है. सलाह यह है कि लाल मिर्च के अधिक सेवन से बचना चाहिए, वरना समस्याएं पैदा हो सकती हैं.

4. अगर वजन घटाना चाहते हैं तो लाल मिर्च कारगर है. इसमें मोटापारोधी गुण होते हैं, जिस कारण यह मोटापे या वजन बढ़ने के जोखिम कम हो सकता है. लाल मिर्च में कैप्साइसिन नामक अल्कालॉयड (आंतों के लिए लाभकारी) होते हैं. ये तत्व मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया को बढ़ाने का काम करते हैं, साथ ही फैट को रोकते हैं. मेटाबॉलिज्म एक अहम शारीरिक और रासायनिक सिस्टम है, जो शरीर में भोजन को एनर्जी में बदलने का काम कर सकता है.

5. एक रिसर्च बताती है कि लाल मिर्ची का उपयोग ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण होने वाले जोड़ों के दर्द में राहत पाने के लिए उपयोगी मानी जाती है. इसमें मौजूद सारा खेल कैप्साइसिन नामक एक खास तत्व का है जो गठिया की समस्या में होने वाले जोड़ों के दर्द, पीठ दर्द, जबड़े के दर्द और अन्य प्रकार के दर्द को कुछ हद तक कम कर सकता है. खास बात यह भी है कि लाल मिर्च में एनाल्जेसिक यानी दर्दनिवारक प्रभाव भी पाया जाता है. लाल मिर्च बॉडी को डिटॉक्सीफाई करने में भी मददगार है.

# सर्दियों में अदरक के हैं फायदे



सर्दियों में सर्दी-जुकाम के अलावा भी कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जिसकी चपेट में हम तुरंत आ जाते हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम पौष्टिक आहार का सेवन करते हैं और खुद को सर्दी से बचाने के लिए मोटे कपड़े भी पहनते हैं। इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जिन्हें करके आप सर्दियों में अपने शरीर को फायदा पहुंचा सकता है। जैसे- एक है अदरक का सेवन। दरअसल, अदरक में सोडियम, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट, पोटैशियम, विटामिन बी, सी, फोलेट, जिंक और मैग्नीशियम, जैसे गुण पाए जाते हैं। ऐसे में सर्दियों में अदरक के सेवन से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ये किस बीमारी में राहत देने का काम करता है। आगे आप अदरक के फायदों के बारे में जान सकते हैं...

**नंबर 1**

अगर आप सर्दियों के मौसम में अदरक का सेवन करते हैं, तो आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे होता ये है कि जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तो शरीर कई बीमारियों से लड़कर आपको बीमार पड़ने से बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए अदरक का सेवन इसमें मदद कर सकता है।

**नंबर 2**

सर्दियों में अदरक का एक फायदा ये भी है कि इसके सेवन से सर्दी-खांसी में राहत मिल सकती है। इसके लिए आप अदरक वाला काढ़ा पी सकते हैं या अदरक वाली चाय का सेवन कर सकते हैं।

**नंबर ३**

अगर आप चाय में अदरक का एक टुकड़ा डालकर चाय बनाते हैं और इसका सेवन खाना खाने के एक घंटे बाद करते हैं, तो इससे आपको फैटी लिवर की समस्या से निजात मिलने में मदद मिल सकती है।

**नंबर 4**

आमतौर पर देखने में आता है कि लोग गैस, अपच और कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में अगर आप अदरक का सेवन करते हैं, तो आप इन दिक्कतों से छुटकारा पा सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खाना-खजाना

# पिज्जा पराठा

वीकेंड पर नाश्ते में आप पिज्जा पराठा बनाकर सभी को खिला सकते हैं. बच्चे बेशक पराठा या रोटी सब्जी ना खाएं, लेकिन पिज्जा पराठा जरूर चट कर जाएंगे. तो जलिए जानते हैं झटपट पिज्जा पराठा बनाने की रेसिपी और इसमें डाली जाने वाली सामग्री के बारे में...

**सामग्री**

- मैदा- 500 ग्राम
- खमीर- 2 चम्मच
- चीनी-2 चम्मच
- तेल- 3 बड़े चम्मच
- शिमला मिर्च- 1 कप कटा हुआ
- पत्ता गोभी- 1 कप कटा हुआ
- अदरक- 1 टुकड़ा पिसा हुआ
- हरी मिर्च- 2 बारीक कटी हुई
- बेबी कॉर्न- 2 कटे हुए
- मोजरेला चीज़- 100 ग्राम कद्दूकस किया
- धनिया पत्ती- 1 बड़ा चम्मच
- काली मिर्च पाउडर- आधा चम्मच
- तेल- जरूरत के अनुसार
- नमक-स्वादानुसार

**बनाने की रेसिपी**

मैदा को सबसे पहले गूंद लें. इसके लिए इसमें खमीर, नमक, तेल और चीनी डालकर गुनगुना पानी डालकर गूंदें. मैदा जब छूने पर सॉफ्ट लगने लगे तो इसके ऊपर थोड़ा सा तेल लगाकर कपड़े से ढंक दें. आप इसे 1 से 2 घंटा भी रख सकते हैं. अब एक बाउल में सभी सब्जियों जैसे शिमला मिर्च, बंद गोभी, कॉर्न, चीज़, मिर्च, अदरक डालकर मिलाएं. तैयार है भरावन.



थोड़ी देर बाद आटे से छोटे-छोटे लोई बनाएं. उसे पूड़ी की तरह बेलें. इसके ऊपर पिज्जा स्टफिंग सामग्री डालें और लोई के किनारे के छोर को ऊपर की तरह फोल्ड करते हुए शीर्ष को सील कर दें. अब इसे पराठे की तरह बेलकर रखते जाएं. इन सभी पराठों को दस मिनट के लिए सेटल होनें दें. अब गैस ऑन करके तवा गर्म होने के लिए रखें. गर्म हो जाए तो बहुत थोड़ा सा तेल लगाते हुए दोनों तरफ से क्रिस्पी, गोल्डन ब्राउन होने तक सेक लें. स्वादिष्ट पिज्जा पराठा तैयार है. नाश्ते में गर्मा गर्म पिज्जा पराठा को टोमैटो सॉस के साथ खाने का लुत्फ उठाएं.

## आज का राशिफल

**मेष** : सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा।

**वृष** : शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। विवाद न करें। उतावली में कोई काम न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है। सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी।

**मिथुन** : विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं।

**कर्क** : शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी। इच्छा पूरी होगी।

**सिंह** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें।

**कन्या** : दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है। दूसरों के काम में व्यर्थ मीन-मेख न निकालें।

**तुला** : प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी। नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा।

**वृश्चिक** : लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु** : कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए। विवाह प्रस्ताव आएँगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** : कोई मुसीबत आ सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। फालतू खर्च होगा। जोखिम न उठाएं। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा। व्यस्तता रहेगी।

**कुंभ** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें।

**मीन** : शत्रु परास्त होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा। दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा। कामकाज की गति बनी रहेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### आगरा में भीषण सड़क हादसा : ट्रक ने ऑटो को रौंदा, महिला सहित पांच लोगों की मौत

**आगरा.** आगरा जिले में दिल्ली नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो दो ट्रक के बीच में फंस गया, जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई। ऑटो सवार लोगों को जान बचाने तक का मौका नहीं मिला। ये हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र में दिल्ली नेशनल हाईवे पर गुरुद्वारा गुरु के ताल के सामने कट पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऑटो सवारियां लेकर भगवान टॉकीज से सिकंदरा की ओर जा रहा था। हाईवे पर वाहनों की कतार थी। उसी समय ऑटो एक ट्रक को ओवरटेक करते हुए आगे निकला। ऑटो के आगे भी ट्रक था। आगे वाले ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे से आ रहे ट्रक ने ऑटो को रौंद दिया।

### उमेश पाल हत्याकांड: बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर का मकान कुर्क,

**प्रयागराज.** प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी और फरार चल रहे पांच लाख रुपये के इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर का मकान शनिवार को कुर्क कर दिया। पुलिस ने मुनादी कराकर गुड्डू मुस्लिम का चकिया के चकनिरातुल स्थित मकान और पुरामुफ्ती इलाके के बमरौली में मरियाडीह गांव स्थित मकान को कुर्क कर दिया। दोनों आरोपियों के ऊपर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही दोनों फरार चल रहे हैं। कोर्ट ने कुर्की के लिए आदेश जारी किया था।

### सेक्स रैकेट: स्पा में जिस्मफरोशी का मंडी, 65 युवक-युवतियां देख पुलिसकर्मी भी चौंके

**गाजियाबाद.** गाजियाबाद में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस ने वैभव खंड के आदित्य मॉल में छह स्पा सेंटरों की आड़ में देह व्यापार कराने का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने मौके से 65 लोगों को पकड़ा है। छापे की कार्रवाई में पुलिस को लैपटॉप, ऑनलाइन वॉलेट के बारकोड, रजिस्टर, फोन, नकदी व कुछ पर्चियां मिलीं। पूछताछ के बाद पुलिस ने चार पुरुषों और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सभी स्पा सेंटरों पर टीम ने एक साथ कार्रवाई कर मालिक, मैनेजर और ग्राहकों समेत 65 लोगों को पकड़ लिया। इनमें 44 महिला व 21 पुरुष थे। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान लैपटॉप, ऑनलाइन वॉलेट के बारकोड, रजिस्टर, पर्चियां, नकदी व फोन कब्जे में लिए हैं।

### प्रेमी युगल ने जहर खाकर की आत्महत्या

**पीलीभीत.** पीलीभीत में घरवालों की नाराजगी और मिलने पर रोक लगाए जाने से आहत प्रेमी युगल ने बृहस्पतिवार शाम अपने-अपने घरों में जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की रात में ही मौत हो गई। युवती ने शुक्रवार को बरेली के एक अस्पताल में दम तोड़ा। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही दोनों के शवों के अंतिम संस्कार कर दिया। घटना घुंघचाई थाना क्षेत्र की है। ग्राम पंचायत घुंघचाई के एक गांव की युवती का दूसरी ग्राम पंचायत गुलड़िया भूपसिंह के एक गांव के युवक से कई महीनों से प्रेम प्रसंग था।

# अपनी तरह प्रकृति के हेल्थ कार्ड के बारे में सोचें :मोदी

## COP28 समिट में मोदी बोले- पृथ्वी के हेल्थ कार्ड में भी पॉजिटिव पॉइंट्स जोड़ें



**दुबई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में COP28 वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट में हिस्सा लिया। इसके ग्रीन क्रेडिट्स प्रोग्राम में मोदी ने कहा- जिस तरह हम अपने हेल्थ कार्ड के बारे में सोचते हैं, उसी तरह हमको पर्यावरण के बारे में भी सोचना चाहिए। हमें ये भी सोचना चाहिए कि हमारी तरह पृथ्वी के हेल्थ कार्ड में भी पॉजिटिव पॉइंट्स जुड़ें। मेरे हिसाब से यही ग्रीन क्रेडिट है।

मॉर्निंग सेशन में मोदी ने अमीर देशों पर निशाना साधा। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि सदियों पहले चंद देशों के किए की कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ रही है। जो भी देश ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं उन्हें क्लाइमेट चेंज का सामना करने के लिए विकासशील और गरीब देशों को निस्वार्थ होकर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करनी चाहिए। PM ने 2028 की क्लाइमेट समिट यानी COP33 भारत में होस्ट करने की मंशा जाहिर की।

उन्होंने कहा कि भारत ने इकोलॉजी और इकोनॉमी के संतुलन का उदाहरण दुनिया के सामने पेश किया है। 17 फीसदी आबादी के बावजूद कार्बन उत्सर्जन में हमारी हिस्सेदार सिर्फ 4 फीसदी है। हमारा लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन 45 फीसदी तक घटाना है। भारत ने ग्लोबल बायो फ्यूल एलायंस बनाया। क्लाइमेट फाइनेंस फंड को मिलियन से बढ़ाकर ट्रिलियन डॉलर तक करना चाहिए। पीएम क्लाइमेट समिट में शामिल होने के लिए 30 नवंबर की रात दुबई पहुंचे थे। होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने PM मोदी का स्वागत किया था। लोग देर रात से PM के इंतजार में खड़े थे।

# इटली की PM मेलोनी ने मोदी के साथ सेल्फी ली

- #Melodi शेयर कर लिखा- अच्छे दोस्त के साथ
- किंग चार्ल्स से भी मिले PM



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दुबई में थे। एक दिन के दौरे के दौरान COP28 समिट में उन्होंने इटली की PM जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने इस दौरान एक सेल्फी भी ली। इसे इटली की PM ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। मेलोनी ने सेल्फी को शेयर किया। हैशटैग और कैप्शन 'COP28 में अच्छे दोस्त' #मेलोडी लिखा। इसे मोदी और मेलोनी के नाम को मिलाकर देखा जा रहा है। जैसे ही तस्वीर शेयर हुई, ये सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। X पर इस तस्वीर की वजह से 'मेलोडी' ट्रेंड में आ गया।

### मोदी के साथ पहले भी दिखी थी मेलोनी की बॉन्डिंग

इटली की PM मेलोनी और PM मोदी की 10 महीनों में यह चौथी मुलाकात है। जॉर्जिया इस साल सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आई थीं। उन्होंने जी-20 समिट के इतर मोदी से मुलाकात की थी। 19 से 21 मई को जापान के हिरोशिमा में जी-7 सम्मेलन के दौरान भी दोनों के बीच मुलाकात हुई थी।

इससे पहले मार्च में मेलोनी 8वें रायसीना डायलॉग 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेने के लिए भारत आई थीं। इस दौरान भी उनकी PM मोदी के साथ काफी अच्छी बॉन्डिंग दिखी थीं।

### मोदी किंग चार्ल्स और ऋषि सुनक से भी मिले

मेलोनी के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन के किंग चार्ल्स और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मिले। क्लाइमेट समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के हाल ही में बने राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जू से भी मुलाकात की। मुइज्जू ने पद संभालते ही मालदीव से भारतीय सैनिकों को निकाल लेने के आदेश दिए थे। PM मोदी भी मुइज्जू के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं गए थे। हालांकि, शुक्रवार की मुलाकात के बाद PM मोदी ने एक्स पर फोटो शेयर कर लिखा- हमने अलग-अलग क्षेत्रों में भारत-मालदीव की साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की।

# अयोध्या में श्रीराम एयरपोर्ट तैयार

- टर्मिनल डिजाइन राम मंदिर जैसा
- नाइट लैंडिंग की सुविधा
- 22 जनवरी से पहले उड़ानें शुरू होंगी



**अयोध्या.** अयोध्या का मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है। इसका टर्मिनल का डिजाइन राम मंदिर जैसा है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले इसे शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले सीएम योगी आज एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी रहे। सभी ने एयरपोर्ट के निर्माण काम का जायजा लिया।

टर्मिनल बिल्डिंग में एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।CM और मंत्रियों के निरीक्षण के बाद एयरपोर्ट के उद्घाटन और उड़ान की डेट जल्द तय होगी। इसके साथ ही किराया भी तय किया जाएगा।

इधर, एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सबसे पहले भारतीय एयरलाइन कंपनी इंडिगो दिल्ली और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शुरू करेगी। दिल्ली के लिए रोज और अहमदाबाद के लिए हफ्ते में तीन दिन फ्लाइट मिलेगी।

320 करोड़ की लागत से बन रहा एयरपोर्टः सरकार 320 करोड़

### दिग्विजय बोले- 130 सीट जीतेंगे

**भोपाल.** दिग्विजय सिंह ने कहा, 'कल पता चल जाएगा कि शिवराज सिंह चौहान कहां खड़े हैं। हम 130 से ज्यादा सीट जीतेंगे। भाजपा व्यवसाय करती है, राजनीति थोड़ी करती है। अब हमारे पास कोई सिंधिया नहीं बचा, इसलिए कोई गद्दार नहीं है।

# मिजोरम में 3 की बजाय 4 दिसंबर को काउंटिंग

- ईसाई समुदाय की मांग पर फैसला
- कहा था- रविवार को चर्च जाना जरूरी




**इंफाल.** मिजोरम में अब 3 दिसंबर की जगह 4 दिसंबर को मतगणना होगी। शुक्रवार यानी 1 दिसंबर को चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी। राज्य की 40 सीटों पर 7 नवंबर को वोटिंग हुई थी, काउंटिंग 3 दिसंबर यानी रविवार को होनी थी। जिसके विरोध में एनजीओ कॉर्डिनेशन कमेटी (NGOCC), सेंट्रल यंग मिजो एसोसिएशन (CYMA) और मिजो जिरलाई पॉल (MZP) जैसे संगठन प्रदर्शन कर रहे थे।

दरअसल, मिजोरम में बड़ी संख्या में क्रिश्चियन समुदाय के लोग रहते हैं। रविवार ईसाइयों के लिए पवित्र दिन है, और ईसाई समुदाय कई धार्मिक कार्यक्रम करता है। काउंटिंग के कारण इनमें बदलाव करना पड़ेगा, इसलिए मांग की जा रही थी कि इस दिन राज्य में वोट काउंटिंग न कराई जाए। राज्य की कुल आबादी करीब 11 लाख इनमें से 9.56 लाख ईसाई हैं।


लगातार चल रहा था विरोध प्रदर्शन काउंटिंग डे बदलने के लिए कई दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहा था। शुक्रवार (1 दिसंबर) को इन लोगों ने राजभवन के पास एक रैली की। जिसमें NGOCC के चेयरमैन लालह्म छुआना ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि पॉलिटिकल पार्टी, चर्चों और NGO ने चुनाव आयोग से कई बार काउंटिंग की तारीख बदलने की अपील की, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों पर 7 नवंबर को वोटिंग हुई थी। राज्य में 77.04% मतदान हुआ था। सेरछिप में सबसे ज्यादा 77.78%, तो सियाहा में सबसे कम 52.02% मतदान हुआ। आइजोल में 65.06% वोटिंग हुई। मिजोरम में 2018 के विधानसभा चुनाव में 81.61% वोट पड़े थे।

# 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश से टकराएगा मिचौंग तूफान

- 100 KMPH से हवाएं चलेंगी, तेज बारिश का अलर्ट;

**कोलकाता.** बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, अगले 24 घंटे में यह चक्रवात का रूप ले लेगा। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है।

IMD ने बताया, 3 दिसंबर से तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट को पार करेगा। उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। यह 100 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। चक्रवात के असर से नागपट्टनम जिले के वेलानकन्नी बीच पर समुद्र 100 मीटर पीछे चला गया है, जहां किनारे की चौड़ाई बढ़ गई है। वहीं, तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है।



मैप प्रतीकात्मक है

विशाखापत्तनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर की MD सुनंदा ने न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में कहा, 3 दिसंबर से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश तट पर हवाएं और बारिश बढ़ जाएगी। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी

## महुआ मोइत्रा कैश फॉर क्वेरी केस

# 4 दिसंबर को सदन में पेश होगी रिपोर्ट

- महुआ को निष्कासित करने का सुझाव

**नई दिल्ली.** कैश फॉर क्वेरी केस में फंसी तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी सोमवार, 4 दिसंबर, को रिपोर्ट पेश करेगी। इस रिपोर्ट में महुआ को सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की गई है। अगर लोकसभा में पैनल की इस रिपोर्ट के सुझाव के समर्थन में वोट पड़ते हैं, तो मोइत्रा को सदन से निष्कासित कर दिया जाएगा।


संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इस सत्र को लेकर लोकसभा सेक्रेटेरिएट ने एजेंडा पेपर्स जारी किया है, जिसके मुताबिक एथिक्स कमेटी के चेयरपर्सन विनोद कुमार सोनकर पैनल की पहली रिपोर्ट पेश करेंगे।

### कमेटी के 6 सदस्यों ने रिपोर्ट के समर्थन में वोट किया

कमेटी ने 9 नवंबर की मीटिंग में इस रिपोर्ट को स्वीकार किया था। एथिक्स कमेटी के छह सदस्यों ने इस रिपोर्ट के समर्थन में वोट किया था। इसमें कांग्रेस सांसद प्रिनीत कौर भी शामिल थीं। इस रिपोर्ट के खिलाफ वोट करने वाले चार सदस्य विपक्षी दलों से थे।

# सिल्क्यारा टनल के अंदर मजदूरों का वीडियो

- मजदूरों ने कैसे बिताए 17 दिन
- जमीन पर सोए, वाटर प्रूफिंग शीट ओढ़ी, झरने का पानी पिया



**उत्तरकाशी.** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा टनल के अंदर 17 दिन तक 41 मजदूर फंसे रहे। उन्हें 28 नवंबर की शाम को टनल से बाहर निकाला गया। इस रेस्क्यू के तीन दिन बाद 2 वीडियो सामने आए हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि मजदूरों ने टनल में ये 17 दिन कैसे बिताए। सुरंग में फंसे एक मजदूर ने ही ये वीडियो बनाए हैं।

पहला वीडियो मजदूरों के टनल में फंसने के 8वें दिन का है, जबकि दूसरा वीडियो 13वें दिन का है। इन वीडियो में देखा जा सकता है कि मजदूर सुरंग के अंदर 2400 मीटर के स्ट्रेच में कैसे रहे, कैसे वाटरप्रूफिंग को बिछाए जाने वाले जियो टैक्सटाइल को ओढ़कर सोए और सरकार ने क्या-क्या राहत सामग्री भेजी।

### सुरंग में मजदूरों के फंसने का 8वां दिन यानी 19 नवंबर

वीडियो शुरू होता है तो 3 मजदूर दिखाई देते हैं। वीडियो रिकॉर्ड कर रहा मजदूर वह पाइप दिखाता है जिससे खाना आता था। फिर वह सबका बिस्तर दिखाता है, जिसके पास कुछ पैकेट्स में खाना और पीने का पानी रखा है। इसके बाद मजदूर उस तरफ ले जाता है, जहां सुरंग में मलबा गिरा और वे लोग वहां फंस गए।

वहां एक हाईड्रॉलिक मशीन नजर आती है। मजदूर बताता है कि वे लोग सुरंग के अंदर से इस मशीन पर बैठकर बाहर आ रहे थे, तब ऊपर से मलबा गिरा और वे लोग फंस गए। टनल के अंदर दो लेन की रोड है। बीच में ऊंची दीवार है। इसी दीवार के किनारे कई मजदूरों ने अपना बिस्तर लगा रखा है। वहां एक फोर-व्हीलर भी था, जिसे लेकर मजदूर ने बताया कि पीछे झरने का ताजा पानी है, जहां हम इस गाड़ी से पानी लाने जाते हैं।

### सुरंग में मजदूरों के फंसने का 13वां दिन यानी 24 नवंबर

वीडियो की शुरुआत होती है फलों के ढेर से, जो सरकार ने पाइप के जरिए मजदूरों तक भेजे थे। इसके बाद वीडियो रिकॉर्ड करने वाले मजदूर ने मंजन, ब्रश और तौलिए दिखाए जो पाइप के जरिए भेजे गए थे। इसके अलावा वो बोतलें भी दिखाईं जिनमें खाना भरकर भेजा गया था।

### मणिपुर के परिवार से दिल्ली में मारपीट

**नई दिल्ली.** दिल्ली की सनलाइट कॉलोनी में मणिपुर के एक परिवार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। 7-8 लोगों के एक ग्रुप ने दो पुरुषों और दो महिलाओं को बीच सड़क पर घसीटकर लात-घूंसों से मारा। घटना गुरुवार-शुक्रवार की रात की है। इस पूरी घटना को पास के एक घर से किसी शख्स ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने शनिवार (2 दिसंबर) को बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपों में यौन उत्पीड़न भी शामिल है। पीड़ित शख्स के मुताबिक वह अपनी पत्नी और बहन के साथ डिनर के बाद एक दोस्त को घर छोड़ने आए थे। रात के 11 बजे थे, तभी तीन लोग उनके पास आए। इनमें दो युवक और एक महिला थी।

# भारत ने सबसे ज्यादा टी-20 जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया



- पाकिस्तान को पीछे छोड़ा
- ऑस्ट्रेलिया को 20 रन से हराया
- अक्षर को 3 विकेट

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चौथे टी-20 में 20 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया। भारत ने 136वां टी-20 जीता, टीम ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 135 टी-20 जीत हैं।

रायपुर में चौथा टी-20 जीतने के साथ टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़ बना ली। पांचवां और आखिरी टी-20 तीन दिसंबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

रायपुर में टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 9 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 154 रन ही बना सकी। भारत से रिंकू सिंह ने 46 रन बनाए, जबकि अक्षर पटेल ने 3 अहम विकेट लिए।

### टाई मुकाबलों को मिलाकर 138 टी-20 जीत चुका है भारत

टी-20 में टाई मुकाबलों के बाद भी अब सुपर ओवर के जरिए नतीजा निकलता है। उन नतीजों को भी जोड़ें तो भारत अब तक 139 और पाकिस्तान 136 टी-20 मैच जीता है। भारत अपने घरेलू मैदान पर 14 टी-20 सीरीज से अजेय है। टीम को आखिरी हार 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही मिली थी, तब ऑस्ट्रेलिया 2-0 से जीता था। 175 रन का टारगेट चेज करने उतरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर्स ने तेज शुरुआत की। जोश फिलिप और ट्रैविस हेड की जोड़ी ने पहले ओवर से 7 रन लेने के बाद मुकेश कुमार के पहले ओवर में 11 रन लिए। इन दोनों ने दीपक चाहर के दूसरे और पारी के तीसरे ओवर में 22 रन बना डाले। 3 ओवर में कंगारू टीम का स्कोर बिना नुकसान के 40 रन था।

### ऑनलाइन बेटिंग पर CM बघेल का PM मोदी को लेटर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर ऑनलाइन बेटिंग के अवैध कारोबार से जुड़े प्लेटफॉर्म्स पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि प्रदेश में अलग-अलग केस दर्ज कर इसमें शामिल 450 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्र के 22 बेटिंग ऐप बंद करने के आदेश के करीब एक महीने के अंदर ही सीएम ने ऑनलाइन बेटिंग पर कंप्लीट बैन के लिए ये पत्र लिखा है।

छत्तीसगढ़ की राजनीति में महादेव ऐप विवाद बेहद सुर्खियों में रहा है। ED ने एक आरोपी असीम दास के हवाले से सीएम बघेल को लेकर दावा किया था, जिसे मुद्दा बनाते हुए बीजेपी खासकर पीएम मोदी पूरे चुनाव में आक्रामक रहे। यही वजह है कि सीएम भूपेश बघेल ने पत्र लिखकर अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी दी और गेंद केंद्र के पाले में डाल दी है।

### 1. मार्च 2022 से अब तक 90 से ज्यादा आपराधिक केस

छत्तीसगढ़ में अब तक ऑनलाइन बेटिंग ऐप के खिलाफ हुई कार्रवाई की जानकारी भी दी। उन्होंने लिखा कि मार्च 2022 से अब तक 90 से ज्यादा आपराधिक केस दर्ज किए गए हैं। इनमें शामिल 450 से ज्यादा आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। बैंक खातों में जमा 16 करोड़ रुपए फ्रीज कराए जा चुके हैं। कार्रवाई के दौरान कई लैपटॉप, मोबाइल भी जब्त हुए हैं।

# ED अफसर 20 लाख घूस लेते गिरफ्तार

## डॉक्टर से 51 लाख मांगे थे; 5 महीने में सेंट्रल एजेंसी का तीसरा अफसर पकड़ा गया



तमिलनाडु में ED के एक अफसर को 20 लाख रुपए घूस लेने के आरोप में राज्य की एंटी करप्शन और विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ED के अफसर का नाम अंकित तिवारी है। वह मदुरै ED ऑफिस में पोस्टेड है। स्टेट एजेंसीज ED ऑफिस और तिवारी के घर की जांच कर रही है।

स्टेट एजेंसीज के मुताबिक, ED अधिकारी ने एक सरकारी डॉक्टर को पुराने मामले में डरा-धमकाकर 3 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। हालांकि, बाद में 51 लाख रुपए पर डील फाइनल हुई। डॉक्टर ने घूस की पहली किस्त के रूप में 1 दिसंबर को 20 लाख रुपए दे दिए और विजिलेंस टीम को शिकायत कर दी।

पिछले पांच महीने में घूस लेने के आरोप में केंद्रीय जांच एजेंसी ED के अफसर की यह तीसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले CBI ने अगस्त में दिल्ली शराब नीति मामले में 5 करोड़ रुपए रिश्वत लेने के आरोप में ED के असिस्टेंट डायरेक्टर पवन खत्री को गिरफ्तार किया था।

इसके अलावा 2 नवंबर को जयपुर ACB ने ED के इंस्पेक्टर लेवल के एक अधिकारी नवल किशोर मीणा और उसके एक सहयोगी बाबूलाल मीणा को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

### तिवारी ने पुराने केस का हवाला देकर डॉक्टर को धमकाया

एंटी करप्शन और विजिलेंस टीम के मुताबिक, 29 अक्टूबर को अंकित तिवारी ने डिंडीगुल के एक सरकारी डॉक्टर से संपर्क किया। उसने डॉक्टर को बताया कि उनके खिलाफ एक केस दर्ज हुआ है, जबकि वो मामला पहले ही निपटाया जा चुका है। अंकित ने डॉक्टर से यह भी कहा कि इस मामले में ED को PM ऑफिस से जांच के आदेश मिले हैं। आप 30 अक्टूबर को मदुरै ऑफिस आइए।

### पहले 3 करोड़ मांगे, फिर 51 लाख में डील फाइनल हुई

आरोपी ED के अफसर अंकित तिवारी की बात सुनकर डॉक्टर अगले दिन ED ऑफिस पहुंचा। तिवारी उसकी कार में बैठ गए और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए 3 करोड़ रुपए की डिमांड की। डॉक्टर ने कुछ पैसे कम करने का अनुरोध किया और वहां से चला गया।

अंकित ने डॉक्टर को फोन पर बताया कि उसने अपने सीनियर अफसर से बात की है। वे 51 लाख रुपए पर सहमत हुए हैं। डॉक्टर भी 51 लाख रुपए देने पर सहमत हो गया। 1 दिसंबर को डॉक्टर ने अंकित को रिश्वत की पहली किस्त के तौर पर 20 लाख रुपए दिए। स्टेट एजेंसी ने अंकित को रंगे हाथ दबोच लिया। अंकित को 15 दिसंबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है।

# संगरूर मेरिटोरियस स्कूल 5 दिन के लिए बंद



- स्टूडेंट्स उल्टियां होने के बाद अस्पताल में शिफ्ट किए
- शिक्षामंत्री ने कैंटीन का कंट्रैक्ट किया कैंसिल

**संगरूर.** पंजाब के संगरूर में बने मेरिटोरियस स्कूल में 40 के करीब बच्चों की हालत खराब हो गई है। रात उल्टियां व पेट में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।बच्चों की हालत खराब होने के बाद पेरेंट्स ने स्कूल प्रशासन पर आरोप लगा दिए हैं। वहीं, हरजोत बैंस ने भी कैंटीन का कॉन्ट्रेक्ट कैंसिल कर दिया है। फिलहाल स्कूल को 5 दिनों के लिए बंद किया गया है।

पेरेंट्स का आरोप है कि बच्चों को अडल्ट्रेटिड व खराब खाना खिलाया जा रहा था, जिसके कारण उनकी ये हालत हुई है। बच्चों को बीते 5 दिनों से पेट में दर्द की शिकायत थी, लेकिन किसी ने उनकी शिकायत की तरफ ध्यान नहीं दिया। रात के समय कुछ बच्चों की हालत खराब होना शुरू हो गई। उल्टियां व पेट में अत्यधिक दर्द के बाद बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जिस समय बच्चों को अस्पताल लाया गया, उनके मुंह से झाग निकल रही थी।

### जिला अधिकारी पहुंचे अस्पताल

बच्चों के बीमार होने की शिकायत मिलने के बाद जिले के सीनियर अधिकारी भी सरकारी अस्पताल पहुंचना शुरू हो गए हैं। फिलहाल, सभी बच्चों के टेस्ट करवाए जा रहे हैं। डॉक्टर्स का कहना है कि अब सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।

संक्षेप...

### बस कंडक्टर के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम बस के परिचालक पर एक यात्री के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज किया है. एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि नवी मुंबई पुलिस ने 17 वर्षीय छात्रा की शिकायत के आधार पर संतोष वाडेकर (48) के खिलाफ मामला दर्ज किया. उनके अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 26 और 27 नवंबर की दरमियानी रात को दापोली से मुंबई के लिए बस में यात्रा के दौरान जब वह सो रही थी, तब आरोपी ने उसे गलत तरीके से छुआ. इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है

# अजित बोले- शरद पवार कहते कुछ, करते कुछ हैं

## मुझसे सत्ता में जाने को कहा, खुद NCP अध्यक्ष पद छोड़ा; सुप्रिया सब जानती थीं

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और NCP नेता अजित पवार ने कहा कि शरद पवार खुद ही NCP अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहते थे। लेकिन वे हमसे कहते कुछ और थे, करते कुछ और थे। अजित ने यह बात शुक्रवार (1 दिसंबर को) रायगढ़ के कर्जत में हुए NCP अधिवेशन में कही। वे बोले कि शरद ने लगातार अपनी भूमिका बदली। इस घटनाक्रम की सारी जानकारी सुप्रिया सुले को थी। अजित ने यह भी बताया कि शरद पवार ने ही उनसे सत्ता में भागीदारी के लिए कहा था। शरद पवार ने 2 मई को NCP अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद अजित पार्टी अध्यक्ष बने थे। हालांकि बाद में शरद ने अपना फैसला वापस ले लिया था और अजित पवार ने अपना अलग गुट बनाकर महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल होने का फैसला किया था। जुलाई 2023 में उन्हें डिप्टी CM बनाया गया।

### अजित बोले- अलग होने का फैसला सुप्रिया को बताया था, उन्होंने 10 दिन मांगे थे



अजित पवार ने बताया कि प्रफुल्ल पटेल, अजित पवार, छगन भुजबल, सुनील तटकरे, जयंत पाटिल, अनिल देशमुख, रामराजे नाइक निंबालकर, दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, हम में से 10-12 लोग देवगिरी में बैठे थे। हम सोच रहे थे कि आगे क्या करें। फिर हमने सुप्रिया को बुलाया, क्योंकि हमें लग रहा था कि अगर सीधा शरद पवार को बताया तो वह क्या सोचेंगे। इसलिए पहले सुप्रिया को सब कुछ बताया।

तब सुप्रिया ने 8-10 दिन का वक्त मांगा था और कहा कि ये उन पर छोड़ दीजिए कि करना क्या है, वे शरद पवार को मना लेंगी। अजित समेत बाकी नेताओं ने 8 दिन इंतजार किया। फिर साथ बैठकर फैसला किया कि हमें ही साहब (शरद पवार) से बात करनी चाहिए, क्योंकि विधायकों के कामकाज पर रोक लगा दी गई थी।

### पहले इस्तीफा दिया, फिर विरोध करवाया

अजित ने आगे बताया कि इसके बाद शरद पवार घर चले गए। फिर लोगों के रिएक्शन आने शुरू हो गए। इस्तीफा देने के बाद आनंद परांजपे और जीतेंद्र आव्हाड को बुलाया गया। उन्हें इस्तीफा वापस लेने के लिए यशवंतराव सेंटर के सामने प्रदर्शन करने कहा गया। मुझे पता नहीं क्यों? अगर आप इस्तीफा नहीं देना चाहते थे, तो न देते।

### शरद ने अजित को फोन करके कहा था- सरकार में शामिल हो जाओ

पवार ने आगे बताया कि इसके बाद वे सीधा शरद पवार के पास गए और उन्हें अपना फैसला सुना दिया। इसके बाद शरद ने कहा था कि ठीक है। देखते हैं क्या करना है। फिर हम यशवंतराव चव्हाण इंस्टीट्यूट गए। समय बीत रहा था। हमने उनसे कहा कि जल्दी फैसला लीजिए। फिर बोले, ठीक है। बकौल अजित- 1 मई को ध्वज सलामी इवेंट के दौरान शरद ने उन्हें फोन किया और सरकार में शामिल होने के लिए कहा। साथ ही यह भी कहा कि वे NCP अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

### घर में सिर्फ 4 लोग जानते थे शरद इस्तीफा देंगे

शरद पवार इस्तीफा देंगे यह बात किसी को नहीं पता थी। इस बारे में घर में सिर्फ चार लोग ही जानते थे। फिर शरद ने इस्तीफा दे दिया। 15 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। कमेटी ने बैठकर अध्यक्ष चुनने को कहा। 2 मई को बुक लॉन्चिंग इवेंट में जब शरद पवार ने इस्तीफा दिया तो हर कोई हैरान रह गया।

# टोरेंट पॉवर द्वारा ग्राहकों के लिए संवाद कैंप का आयोजन

### 300 से अधिक ग्राहकों ने उठाया लाभ



**भिवंडी.** टोरेंट पावर लिमिटेड द्वारा एमजीएम बैंक्वेट हॉल, कशेली, भिवंडी में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संवाद कार्यक्रम में 300 से अधिक बिजली ग्राहकों ने भाग लिया. टोरेंट अधिकारीयों ने बिजली उपभोक्ताओं के समस्या का समाधान किया. संवाद कार्यक्रम में जागरूकता निर्माण अभियान द्वारा भिवंडी पीडी उपभोक्ताओं के महावितरण बकाया के लिए विशेष ब्याज माफ़ी योजना – "डीएफ स्पेशल एमनेस्टी स्कीम 2023"लंबित कनेक्शन, डिजिटल भुगतान सेवाए, विद्युत सुरक्षा, बिल संबंध, डिजिटल भुगतान सेवाए जैसे विषयो पर उपभोक्ताओं को जागृत किया.

### ग्राहकों का मिला भारी प्रतिसाद

टोरेंट पावर जनसंपर्क अधिकारी चेतन बदियानी ने बताया कि विगत सितंबर माह में भिवंडी शहर में पाटीदार हॉल, गोपाल नगर और फरहान हॉल, मिल्लत नगर में भी ग्राहकों को समग्र जानकारी मुहैया कराने की खातिर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया था.टोरेंट पावर के सभी ग्राहक संवादों में करीब 3,000 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया था. संवाद कार्यक्रम में टोरेंट पावर कंपनी उपाध्यक्ष स्नेहल देसाई, महाप्रबंधक अरुण राव, अंकित साहा, बीनू सेतुमाधवन, विजय राणे, जनसंपर्क अधिकारी चेतन बदियानी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीण उपभोक्ताओं ने टोरेंट पावर के संवाद कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद दिया. बिजली उपभोक्ता वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा कर समस्याओं का समाधान पाकर प्रफुल्लित दिखाई पड़े.

# भिवंडी मनपा का बीट निरीक्षक निलंबित

- जब्त वाशिंग मशीन वापसी के लिए रिश्वत मांगने की मिली सजा

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** अतिक्रमण हटाओ मुहिम के दौरान जप्त की गई 2 वाशिंग मशीन को वापस देने के लिए बीट निरीक्षक द्वारा दुकानदार से रिश्वत की डिमांड करने की शिकायत पर मनपा उपायुक्त दीपक झिंझाड़ ने बीट निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

मनपा प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य के आदेश अनुसार भिवंडी मनपा अंतर्गत 1 से 5 प्रभागो में शहर के प्रमुख मार्गों एवं दुकानों के सामने हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए मुहिम शुरू की गई है. मनपा प्रभाग क्रमांक समिति 5 अंतर्गत निशान होटल के पास अतिक्रमण हटाओ मुहिम के दौरान यूनिक

रेफरीजरेशन मालिक रिजवान शेख द्वारा दुकान के बाहर रखी हुई 2 वाशिंग मशीन को सहायक आयुक्त राजू वरलीकर की टीम ने उठाकर कोन वाड़ा भंडार गृह में



जमा किया था. दुकानदार रिजवान शेख ने वाशिंग मशीन को वापस लेने के लिए आर्थिक दंड भरने की बात की तो बीट निरीक्षक भरत शिवराम उघड़े ने दुकानदार से 1,000 रुपए की डिमांड की. सहायक आयुक्त राजू वरलीकर के समक्ष बीट निरीक्षक उगड़े द्वारा दुकानदार से रिश्वत मांगने का मामला संज्ञान में आते ही मनपा प्रशासक अजय वैद्य को अवगत कराया.आयुक्त अजय वैद्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त दीपक झिंझाड़ को बीट निरीक्षक भरत उघड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया. निलंबित बीट निरीक्षक उघड़े पर शासकीय कार्य में लापरवाही का भी आरोप है. रिश्वतखोरी मामले में बीट निरीक्षक के हुए निलंबन से मनपा कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है. मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने रिश्वतखोर एवं कामचोर अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के संकेत दिए हैं.

# रेतीबंदर खाड़ी में मिला बुजुर्ग का शव, मचा हड़कंप



**ठाणे।** रेतीबंदर खाड़ी में एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष के कर्मचारियों व फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने शव को खाड़ी से निकाल कर नारपोली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष से मिली जानकारी के घटना शनिवार की सुबह 11 बजे के करीब की है। मुंबई नाशिक ब्रिज के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे रेतीबंदर खाड़ी में एक बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। जिसकी उम्र करीब 60-62 वर्ष बताई गई है। घटना की मिलते ही घटनास्थल पर कलवा पुलिस थाने के कर्मचारी व नारपोली पुलिस थाने के कर्मचारी, आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष के कर्मचारी व फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौजूद थे। शव को खाड़ी से निकालकर नारपोली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने कानूनी प्रकिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिवंडी स्थित आय.जी. एम. हॉस्पिटल में भेज दिया गया है।

# जनता का पैसा आखिर जाता किधर है?

- भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने किया सवाल

कल्याण - गुरुवार को महानगर पालिका की आयुक्त डॉ.इंदुराणी जाखड़ से मुलाकात के बाद कल्याण पूर्व के भाजपा विधायक गणपत गायकवाड ने कहा कि केडीएमसी में 80 प्रतिशत निधि राज्य और केंद्र सरकार से आया है, तो महापालिका का पैसा जाता किधर है? इसकी जांच होनी आवश्यक है। बतादें कि गुरुवार को कल्याण पूर्व की विविध नागरिक समस्याओं को लेकर विधायक गणपत गायकवाड ने मनपा आयुक्त से मुलाकात कर चर्चा की।



इससे पहले विधायक गायकवाड ने तत्कालीन आयुक्त डॉ.भाऊसाहब दांगड़े को जनता की अनेक समस्याओं से अवगत कराया था। जिनका निराकरण करने का आश्वासन दांगड़े ने दिया था, लेकिन उनका तबादला हो गया। उनकी जगह आईएएस डॉ.इंदुरानी जाखड़ ने आयुक्त का पदभार संभाला है। विधायक गायकवाड़ ने उन्हीं समस्याओं के विषय में आयुक्त जाखड़ से मुलाकात की। आयुक्त से मिलने के बाद विधायक ने कहा कि कल्याण पूर्व में 100 फीट रोड़ और माधव इमारत का प्रश्न अधर में लटका हुआ है। जल संकट से नागरिक परेशान हैं। सड़कों की हालत बदहाल है। विधायक ने आगे कहा कि मैं तत्कालीन आयुक्त से मिला और नवनियुक्त आयुक्त से भी मुलाकात की। सभी आयुक्त केवल आश्वासन ही देते हैं। विधायक ने आलोचना करते हुए कहा कि मनपा में 80 प्रतिशत फंड केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से आता है। इसके अलावा टैक्स के रूप में नागरिकों से भी पैसा वसूला जाता है, लेकिन उसका 25 फीसदी रकम भी जनता के विकास में खर्च नहीं होता।


### आम सूचना

मैं श्री तरुण लोकूमल हरियाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 502, अमित टॉवर, गोल मैदान, न्यू टेलीफोन एक्सचेंज के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12बीआय015327900)। उक्त प्रॉपर्टी श्री लोकूमल नेणूमल हरियाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.11.2023 सी.नं. 191/23 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री तरुण लोकूमल हरियाणी**

### आम सूचना

मैं श्री तरुण लोकूमल हरियाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 503, अमित टॉवर, गोल मैदान, न्यू टेलीफोन एक्सचेंज के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12बीआय015328000)। उक्त प्रॉपर्टी श्री लोकूमल नेणूमल हरियाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.11.2023 सी.नं. 193/23 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री तरुण लोकूमल हरियाणी**


### तड़ीपार आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे.** तड़ीपारी का उल्लघंन करने वाले आरोपी अफसर इकबाल पिंजारी (47) को पुलिस ने पकड़ कर सलाखों के पीछे ढकेल दिया है। ठाणे पश्चिम के महागिरी परिसर का रहनेवाला आरोपी अफसर इकबाल पिंजारी को पुलिस उपायुक्त परिमंडल 1, ठाणे ने ठाणे, मुंबई, मुंबई उपनगर, रायगड व पालघर जिले से 2 वर्ष के लिए तड़ीपार का आदेश 12 मई 2023 को दिया था।

# जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में एसएसटी कॉलेज अव्वल

**उल्हासनगर.** विश्व एड्स जागरूकता दिवस के अवसर पर आरकेटी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में एसएसटी कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । ऐसा लोकर नाटक में विद्यार्थी होणे एड्स जैसे महाभयंकर बिमारी के लक्षण उससे



बचने के लिए जरूरी सावधानिया इसके बारे मे विस्तार से जानकारी दी। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इस नुक्कड़ नाटक का निर्देशन एसएसटी कॉलेज के ड्रामानोमिक्स विभाग के निदेशक श्री हर्षल सूर्यवंशी और श्री सदन जावरे ने किया। इस नुक्कड़ नाटक में वैभवी अहिरराव, श्रावणी महाराणा, प्रतिमा अंगम, सुनील तिघुले,दुर्गेश यादव,मोनू चौधरी,अजिंक्य कटके और केशव गौरव शामिल थे। छात्रों की इस सफलता पर कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य, सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं से बधाइयां मिल रही हैं। इस प्रतियोगिता के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के ठाणे जिला समन्वयक एवं एसएसटी कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो. जीवन विचारे मौजूद थे। उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिये गये।

# कंगना रनोट के चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने की चर्चा

चंडीगढ़ में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट के नाम की चर्चा चल रही है। उन्हें इस चुनाव के लिए बीजेपी का अगला उम्मीदवार बताया जा रहा है। हालांकि अभिनेत्री कंगना रनोट ने सोशल मीडिया के जरिए इसे सिर्फ अफवाह बताया है। इससे पहले हिमाचल के मंडी और उत्तर प्रदेश के मथुरा से भी उनके नाम की चर्चाएं हुई थी। क्योंकि वह मूल रूप से मंडी की रहने वाली हैं, जबकि मथुरा में उनका काफी आना-जाना लगा हुआ है। अभी चंडीगढ़ और मथुरा दोनों जगह से बॉलीवुड स्टार बीजेपी की सांसद हैं।



हालांकि इस मामले में चंडीगढ़ भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जितेंदर पाल मल्होत्रा का कहना है कि उनके पास इस तरह की कोई सूचना नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की तरफ से जिसे टिकट दिया जाएगा, पूरी पार्टी उसके साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी।

### बीजेपी समर्थक मानी जाती है कंगना रनोट

कंगना रनोट को बीजेपी का कट्टर समर्थक माना जाता है। उनके नाम की पहले हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही थी, लेकिन अब उनका नाम चंडीगढ़ में भी काफी चर्चा में है। वह हमेशा बीजेपी के खिलाफ बोलने वालों को खुलकर जवाब देती हैं।

### कल से शुरू होगा 'विकासित भारत संकल्प यात्रा' अभियान

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र में 'विकासित भारत संकल्प यात्रा' अभियान का शुभारंभ सोमवार सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक मनपा मुख्यालय परिसर में होगा. केंद्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका क्षेत्र में कुल 60 स्थान निर्धारित किए हैं और इस अभियान के तहत प्रतिदिन 2 स्थानों पर कार्यक्रम संपन्न होंगे, सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक और दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक अपराह्न तक, इनमें केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, पीएम आवास योजना, अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन (अमृत), पीएम भारतीय जन सौधि योजना, उजाला योजना, सौभाग्य योजना, आधार कार्ड अपग्रेडेशन शामिल हैं और से संबंधित आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम ई-बस सेवा, डिजिटल भुगतान अवसंरचना, खेलो इंडिया आदि विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जाएंगी, इस कार्य के लिए सरकार की ओर से डिजिटल स्क्रीन युक्त उपयुक्त वैन उपलब्ध रहेगी. यह अभियान भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए चलाया जाएगा और लक्षित लाभार्थियों को इस माध्यम से विभिन्न योजनाओं की सीधी जानकारी दी जाएगी.


NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD.
ESTD : 1985
Head Office:
Bhawani Saw Mills Compound,
Ulhasnagar-3.
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com

SERVICES AVAILABLE

Features and Services of Bank
- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

Upcoming Service

Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099